पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

मई, 2022 मास की महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार हैं:-

1. 05 मई, 2022 को अखिल भारतीय पेंशन अदालत, 2022 आयोजित की गई, जिसमें सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के साथ-साथ गैर-सिविल मंत्रालयों अर्थात रक्षा, रेलवे, दूरसंचार और डाक सहित देश भर के मंत्रालयों/विभागों में पेंशन अदालतें आयोजित की गईं। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार अब तक 1381 मामलों में से 887 (64%) मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जा चुका है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने भी उसी दिन डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में पेंशन अदालत का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों की बाबत सीपेनग्राम्स से चुने गए 28 मामलों को उठाया गया। इनमें से 18 (64%) मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया तथा 10 मामलों के संबंध में, समय-सीमा के साथ समाधान करने के लिए निर्देश दिए गए।

2. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दिनांक 23.05.2022 के पत्र सं. 1/1/(45)/2022-पी&पीडबल्यू(ई) के द्वारा निर्देश जारी किया है कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 में एक ही सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की बाबत परिवार के किसी सदस्य को दो अलग-अलग स्रोतों से कुटुंब पेंशन देने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। तथापि, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 2021 के उप-नियम 12(क) और उप-नियम 13 में प्रतिबंध के अध्यधीन दो अलग-अलग सरकारी कर्मचारियों/पेंशनभोगियों की मृत्यु होने के परिणामस्वरूप परिवार के एक सदस्य को दो कुटुंब पेंशन की पात्रता बनी रहेगी।

3. सीपेनग्राम्स में पंजीकृत शिकायतों का समय पर और गुणात्मक निपटान सुनिश्चित करने के लिए, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दिनांक 10.05.2022 को उप-सचिव (पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग) की अध्यक्षता में 05 मंत्रालयों/विभागों/संगठनों (अर्थात परमाणु ऊर्जा विभाग, कोयला मंत्रालय, नागर विमानन मंत्रालय, कारपोरेट मंत्रालय, पृथ्वी एवं विज्ञान मंत्रालय) के साथ भारत वीसी द्वारा अंतर-मंत्रालयी समीक्षा बैठक आयोजित की।

4. भविष्य, विभाग द्वारा विकसित एक वेब आधारित ऑनलाइन पेंशन संस्वीकृति और भुगतान ट्रैकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी और प्रशासनिक अधिकारियों दोनों को विलंब की निगरानी करने और ट्रैक करने में मदद करती है। प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न पेंशन नियमों के उपबंधों के अनुसार अंतर्निहित स्वचालित परिकलन से भी लाभ होता है। दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार, 97 मंत्रालयों/विभागों/शीर्ष निकायों के मुख्य सचिवालय और 815 संबद्ध कार्यालयों में 7845 पंजीकृत डीडीओ के माध्यम से भविष्य लागू है। 'उमंग प्लेटफॉर्म' पर एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया है जिसके द्वारा दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार इस प्रणाली के माध्यम से प्रक्रमण के विभिन्न चरणों को 'भविष्य' पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इस ऐप द्वारा अब तक 161285 पेंशनभोगियों की बाबत पीपीओ तैयार किए गए और उन्हें जारी किया गया। 'भविष्य' प्रणाली के माध्यम से मई, 2022 मास में 3159 पीपीओ जारी किए गए थे। 'भविष्य' को ई-पीपीओ जनरेट करने के लिए पीएफएमएस (PFMS) पेंशन मॉड्यूल के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है।

5. मंत्रालयों/विभागों के अधिकारियों के लिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भविष्य पर पांच (5) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

6. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) पर जागरूकता फैलाने के लिए विभाग ने अपने विभागीय ट्विटर हैंडल पर एनपीएस से संबंधित 75 महत्वपूर्ण नियमों की एक श्रृंखला शुरू की है।

7. अनुभव: मार्च, 2015 में योजना के आरंभ होने के बाद से, 8443 आलेख प्रकाशित किए गए हैं और दिनांक 31.05.2022 तक 'अनुभव पोर्टल' के तहत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा 4279 आलेख प्रकाशन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। मई, 2022 मास में, अनुभव के 107 आलेख प्रकाशित किए गए।

8. संकल्प: 'संकल्प' पहल के तहत, विभाग ने अब तक 47 पूर्व-सेवानिवृत्ति परामर्श (पीआरसी) कार्यशालाएं आयोजित की हैं, जिससे 5972 कर्मचारियों को लाभ हुआ है।

9. माह के दौरान, 5104 शिकायतें दर्ज की गई और 5361 का निपटान किया गया। 31 मई, 2022 को अंत शेष 3910 है। विस्तृत स्थिति इस प्रकार है:-

	दिनांक 01/05/2022 को अग्रानीत	माह के दौरान प्राप्त शिकायतें	माह के दौरान निपटाई गई शिकायतें	माह के अंदर निपटाई गई शिकायतें	31/05/2022 को लंबित कुल शिकायतें
कुल	3910	5104	5361	2252	3653

10. जेम (GeM) के माध्यम से खरीद:- पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने मई, 2022 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, फर्नीचर और स्टेशनरी (उत्पादों के लिए आर्डर) आदि की आपूर्ति के लिए रुपये 86374/- की राशि के लिए 03 (तीन) आर्डर तथा सेवाएं (अल्प अवधि के लिए वाहनों को किराए पर लेना) के लिए रुपये 27750/- की राशि के लिए 02 (दो) आर्डर और एसएपी के तहत आउटसोर्स कर्मचारी के लिए 868886/- की राशि की संविदा जेम के माध्यम से दिए हैं।

11. विभाग द्वारा दिनांक 16.05.2022 से 31.05.2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2022 का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान के तहत विभाग के दोनों कार्यालयों अर्थात लोकनायक भवन और जनपथ भवन द्वारा कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, फाइलों की छंटाई आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से कोविड -19 के मद्देनजर, विभाग में विभिन्न स्थानों पर हमारे दैनिक जीवन में साफ-सफाई/स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पोस्टर और बैनर भी प्रदर्शित किए गए थे। इस संबंध में विभाग में कोविड-19 के फैलाव को रोकने और इस कार्यालय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्यालय में और कर्मचारियों के बीच स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।